**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

दिनांक-16.11.25 समय-16.10 पीएम

मुख्यमंत्री-शाजापुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाजापुर जिले में 8 हज़ार करोड़ रुपये के मेगा सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करेंगे। इसी अवसर पर कुल 8174 करोड़ रुपये की छह औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से प्रदेश में चार हज़ार से अधिक युवाओं को सीधा रोजगार मिलने का अनुमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 384 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 4-लेन मक्सी मार्ग और शहरी मार्ग का भी शिलान्यास करेंगे, जिससे औद्योगिक गतिविधियों और परिवहन सुविधाओं को बड़ी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2025 को 'उद्योग और रोजगार वर्ष' घोषित करने के बाद, प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। स्थापना के बाद से, परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करती रही है।

बाइट-पैकेज

राष्ट्रीय प्रेस दिवस-मुख्यमंत्री

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया के सभी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1966 में इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी, जो स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने, समाज को दिशा देने और विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर संदेश जारी कर सभी मीडियाकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना की।

विश्व मुक्केबाजी कप

भारत आज से विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स की मेजबानी करेगा। यह प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में बृहस्पतिवार तक चलेगी। उद्घाटन समारोह शाम छह बजे होगा हालांकि, मुकाबले दोपहर दो बजे से शुरू हो जाएंगें।

यह 2025 विश्व मुक्केबाजी कप श्रृखंला का अंतिम चरण है। 18 देशों के लगभग 130 मुक्केबाज़ 20 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगें। इनमें वर्ष के 8 सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश में ठंड का प्रभाव जारी है। भोपाल, इंदौर, रीवा और नौगांव प्रदेश के सबसे ठंडे क्षेत्रों में दर्ज किए गए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी का असर प्रदेश में साफ दिखाई दे रहा है, जिसके चलते रात के तापमान में तेज़ गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, इंदौर में 9.6 डिग्री, जबकि रीवा और नौगांव में तापमान 8 डिग्री से भी नीचे रहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में -

ऽ भोपाल के समन्वय भवन में आज शाम पांच बजे से केंसर पीढ़ितों के सहायतार्थ एक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दर्शकों के लिए निःशुल्क प्रवेश वाली इस प्रतियोगिता को उपभोक्ता कल्याण समिति और सुर सम्मान मंच द्वारा आयोजित किया गया है।

ऽ शिवपुरी जिले में कल ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 'स्वदेशी मेला - आकांक्षा हाट' का शुभारंभ किया। मेले में 53 स्व-सहायता समूहों ने पारंपरिक उत्पादों और स्वदेशी व्यंजनों के साथ अपनी दुकानों को सजाया है।

ऽ गुना के कैंट थाना क्षेत्र में मुक्तिधाम के पास कल सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

-------------